आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- आतंकवाद के विरूद्ध निर्णायक संघर्ष पर भारत और जर्मनी एकमत हुए। दोनो देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए रक्षा उद्योग बढ़ाने पर सहमति दी।
- स्वामी विवेकानन्द जयंती पर मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने युवा शक्ति में नए आत्मविश्वास के जगाने की कामना की।
- दक्षिण अंडमान में एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन सम्पन्न हुआ। सांसद विष्णु पद रे ने खिलाड़ियों की समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया।
- डॉ. बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अतिथि सहायक प्राध्यापक एवं अंशकालिक प्रशिक्षक की भर्ती के लिए साक्षात्कार होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय व्यापार अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और यह 50 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। गुजरात के गांधीनगर में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज़ के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में दो हजार से अधिक जर्मनी कंपनियां लंबे समय से कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और जर्मनी रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। रक्षा और सुरक्षा में बढ़ता सहयोग हमारे आपसी भरोसे और साझी सोच का प्रतीक है। जर्मनी के चांसलर मर्त्ज़ ने कहा कि नौसेना और वायुसेना के संयुक्त अभ्यासों में वृद्धि सहित गहरे सैन्य संबंध, भारत को अपनी रक्षा निर्भरताओं में विविधता लाने में मदद करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आतंकवाद के विरूद्ध पूरी मानवता के लिए भारत और जर्मनी एकजुट होकर पूरी दृ ढ़ता से लड़ाई जारी रखेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के समापन सत्र में शामिल होंगे। श्री मोदी अंतरराष्ट्रीय संगठनों के युवा प्रतिनिधियों सहित देश विदेश के करीब तीन हजार युवाओं से बातचीत भी करेंगे। चुने गए प्रतिभागी प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। कार्यक्रम

के दौरान, प्रधानमंत्री विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के लिए निबंध संग्रह जारी करेंगे। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किए गए प्रधानमंत्री के उस आह्वान के अनुरूप है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के चैंपियनशिप में शामिल होने वाले युवा नेताओं को एक कठिन और योग्यता आधारित तीन चरणों वाली चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया है। इस डायलॉग का दूसरा संस्करण इसके पहले संस्करण की सफलता से प्रेरित है।

<><><><><><><>

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। यह दिवस स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक शाश्वत, दूरदर्शी और आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन और शिक्षाओं में आंतरिक शक्ति, आत्म–अनुशासन और निस्वार्थ सेवा को सार्थक जीवन के स्तंभ बताया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत की युवा शक्ति के लिए प्रेरणा के शक्तिशाली स्रोत हैं।

<><><><><><><>

सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र– प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में इसका शुभारम्भ किया था। हमारी विशेष श्रृंखला में आज प्रस्तुत है– स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान नागपुर की स्थापना पर एक नजर।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन कल जे एन आर एम कॉलेज मैदान में सम्पन्न हो गया। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के अंतर्गत ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाएं आयोजित की गईं। दक्षिण अंडमान क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से लगभग 80 एथलीटों ने भाग लिया। अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद कर खेल मैदानों की कमी एवं खेल अवसंरचना से जुड़ी समस्याओं को सुना। प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (DBRAIT), श्री विजयापुरम में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथि सहायक प्राध्यापक एवं अंशकालिक प्रशिक्षक की भर्ती

हेतु सिद्धांत एवं प्रायोगिक साक्षात्कार का आयोजन 16 जनवरी को किया जाएगा। साक्षात्कार से संबंधित पात्रता, समय–सारिणी एवं डेमो टॉपिक्स की विस्तृत जानकारी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट dbrait.andamannicobar.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

<><><><><><><>

ग्रामीण रोजगार लगभग दो दशकों से भारत की सामाजिक सुरक्षा संरचना की आधारशिला रही है। समय के साथ, ग्रामीण भारत की संरचना और लक्ष्य अत्यधिक बदल गए हैं। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, मनरेगा में व्यापक वैधानिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। विकसित भारत जी राम जी पर कालीकट के प्रधान टी. एकाम्बरम ने आकाशवाणी समाचार के साथ अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

वेटलैंड इंटरनेशनल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित एशियाई जलपक्षी गणना अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में जारी है। इस वर्ष यह गणना 3 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक की जा रही है। सर्वेक्षण का उद्देश्य आर्द्रभूमि पर निर्भर पक्षी प्रजातियों की निगरानी तथा वेटलैंड आवासों की स्थिति का आकलन करना है। अंडमान एवियंस क्लब द्वारा यह जनगणना लगातार कई वर्षों से की जा रही है। इस वर्ष AAC ने पर्यावरण एवं वन विभाग, शिक्षा निदेशालय, ए एन ई टी – दक्षिण फाउंडेशन, द नैचुरलिस्ट स्कूल (बेंगलुरु) तथा ट्राइबमेन.इन सहित विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से सर्वेक्षण किया। कल ओग्राबराज वेटलैंड क्षेत्र में आयोजित सर्वेक्षण में वन विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, शिक्षक, छात्र, पर्यटन छात्र एवं स्थानीय स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>